दिन–शनिवार दिनांक– 07 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी से मिलकर काम करने की अपील की। श्री धनखड़ ने मोतिहारी में महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में ग्यारह टॉपरों को गोल्ड मेडल प्रदान किया।

02. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा – बिहार में इस वर्ष दुर्गापूजा, दीपावली और छठ के दौरान लगभग एक करोड़ अस्सी लाख यात्रियों ने ट्रेन से यात्रा की।

03. बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने अगले वर्ष होने वाली इंटरमीडिएट और मैट्रिक समेत विभिन्न परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी किया।

04. और, मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के दौरान पटना, बक्सर, लखीसराय, सुपौल, अररिया और पूर्णिया समेत राज्य के उत्तर–पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना जताई।

———————————————————————————

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने वर्ष दो हजार सैंतालीस तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए देश के हर नागरिक से मिलकर काम करने की अपील की है। श्री धनखड़ आज मोतिहारी में महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रति व्यक्ति आय में आठ गुना बढ़ोतरी करनी होगी।

———बाईट———

श्री धनखड़ ने सभी देशवासियों से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधा रोपण की अपील की।

———बाईट———

इससे पूर्व उपराष्ट्रपति ने विभिन्न संकायों के टॉपर ग्यारह छात्र–छात्राओं को गोल्ड मेडल प्रदान किया। इनमें तीन छात्राओं को चांसलर मेडल दिया गया। साथ ही कुल चार सौ तैंतीस छात्र– छात्राओं को उपाधि प्रदान की गई। इससे पहले उपराष्ट्रपति ने विश्वविद्यालय परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और पौधारोपण किया। इस अवसर पर राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और स्थानीय सांसद राधा मोहन सिंह भी उपस्थित थे।

———————————————————————————

बिहार में इस वर्ष दुर्गापूजा, दीपावली और छठ के दौरान लगभग एक करोड़ अस्सी लाख यात्रियों ने ट्रेन से यात्रा की। अक्टूबर और नवम्बर में इकसठ दिनों के दौरान नियमित ट्रेन के अतिरिक्त स्पेशल ट्रेन के उनासी हजार नौ सौ नब्बे फेरे चले। इसके साथ ही गर्मियों की छुट्टी में विशेष रेलगाड़ियों ने तेरह हजार पांच सौ तेईस फेरे लगाए थे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में भाजपा सांसद भीम सिंह के एक सवाल के जवाब में यह जानकारी दी।

———————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने अगले वर्ष होने वाली विभिन्न परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। बोर्ड अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि एक फरवरी से पंद्रह फरवरी के बीच इंटरमीडिएट की परीक्षा होगी। वहीं, मैट्रिक की परीक्षा का आयोजन सत्रह फरवरी से पच्चीस फरवरी तक होगा। उन्होंने कहा कि मार्च या अप्रैल महीने में दोनों परीक्षाओं का परिणाम जारी कर दिया जाएगा।

———बाईट———

श्री किशोर ने बताया कि राज्य के सभी डीएलएड शिक्षण संस्थानों में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा सत्ताईस फरवरी को होगी।

———बाईट———

बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि वर्ष दो हजार पच्चीस में मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा के टॉपर को दो लाख रूपये मिलेंगे। मेधा सूची में दूसरे स्थान पर रहने वाले छात्रों को डेढ लाख और तीसरे स्थान पर रहने वाले छात्रों को एक लाख रूपये दिये जायेंगे।

———————————————————————————

उपुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बीपीएससी अभ्यर्थियों ने जो मांगें रखी थी उस पर आयोग ने स्पष्टीकरण जारी कर दिया है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री चौधरी ने कहा कि छात्रों की मांगों का हल निकाला जा चुका है।

———बाईट———

इधर, नगर विकास और आवास विभाग मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि बीपीएससी अभ्यर्थियों की मांगों को लेकर सरकार संवेदनशील है।

———बाईट———

————————————————————————————————

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग में चार हजार एक सौ पैंतीस पदों पर नियुक्ति की जाएगी। विभागीय मंत्री नीरज कुमार सिंह बब्लू ने बताया कि ये नियुक्तियां बिहार कर्मचारी चयन आयोग, बिहार तकनीकी सेवा आयोग और बिहार लोक सेवा आयोग के माध्यम से की जाएगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी।

————————————————————————————————

आयकर विभाग की टीम ने मोतिहारी स्थित एक चावल कंपनी के सात ठिकानों पर छापेमारी की है। मोतिहारी के अलावा रक्सौल, पटना और दिल्ली में भी छापेमारी की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार छापेमारी में आयकर विभाग के तीन सौ से अधिक अधिकारी और कर्मचारी तथा एसएसबी के जवान शामिल थे। टैक्स चोरी के मामले में यह छापेमारी की गई है।

————————————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज गोपालगंज के कटैया में एक लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले दुग्ध उत्पादन संयंत्र का शिलान्यास किया। इस संयंत्र के निर्माण पर साठ करोड़ रूपये की लागत आयेगी। इस अवसर पर पशु और मत्स्य संसाधन मंत्री रेणु देवी समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य मौजूद थे।

————————————————————————————————

परिवहन मंत्री शीला मंडल ने कहा है कि राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों से राजधानी पटना के लिए सीधी बस सेवा शुरू की जाएगी। श्रीमती मंडल आज सासाराम में पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं।

————————————————————————————————

मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के दौरान पटना, बक्सर, लखीसराय, सुपौल, अररिया और पूर्णिया समेत राज्य के उत्तर–पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि

इस दौरान आसमान में बादल छाये रहेंगे और अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान आठ दशमलव दो डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ पूसा और जीरादेई राज्य के सबसे ठंडे स्थान रहे। राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान बारह डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

————————————————————————————

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने देश भर में तपेदिक यानी टीबी के मामलों से निपटने के लिए आज हरियाणा के पंचकुला से सौ दिन के अभियान की शुरुआत की। यह अभियान तैंतीस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के तीन सौ सैंतालीस जिलों में चलाया जाएगा।

————————————————————————————

आज सशस्त्र सेना झंडा दिवस है। यह दिवस भारतीय सशस्त्र बलों के कर्मियों के कल्याण के लिए देशवासियों से धन संग्रह के प्रति समर्पित दिन है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस अवसर पर भारतीय सैन्य बलों के साहस, वीरता, धैर्य और बलिदान को नमन किया।

———बाईट———

यह दिन हमारे वीर जवानो और पूर्व सैनिको के अदम्य साहस, त्याग और समर्पण को रिकोग्नाइज करने का अवसर है। हमारी आर्म्ड फोर्सेस हमारे लिए मजबूत सुरक्षा कवच हैं जो हर परिस्थिति में हमें प्रोटेक्ट करने के लिए तत्पर रहती हैं। हमारी सेनाएं, न केवल बाहरी आक्रमणों से, बल्कि प्राकृतिक आपदा के समय भी हमारी सुरक्षा के लिए तैयार रहती है। उनका त्याग और अनुशासन प्रत्येक देशवासी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।

रक्षा मंत्री ने भारत की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सेना की सराहना की और सभी से झंडा दिवस कोष में स्वेच्छा से योगदान देने का आग्रह किया। इधर, सैनिक कल्याण निदेशालय के निदेशक ब्रिगेडियर मृगेंद्र कुमार ने पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह समेत राज्य सरकार के कई अधिकारियों को झंडा लगाया।

————————————————————————————

राज्य के किसान अब पारंपरिक फसलों के अलावा विदेशी सब्जी की खेती भी कर रहे हैं। हमारे औरंगाबाद संवाददाता ने बताया कि जिले के प्रगतिशील किसान ब्रजकिशोर मेहता ने विदेशी सब्जी जुकिनी की खेती कर क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए एक उदाहरण पेश किया है।

———रिपोर्ट———

जिले के कुटुंबा प्रखंड अंतर्गत चिल्हकी अंबा के किसान ब्रजकिशोर मेहता ने स्ट्रॉबेरी की खेती के बाद विदेशी सब्जी जुकिनी की खेती की है। इस सब्जी की खेती विदेशों में बड़े पैमाने पर की जाती है। ब्रजकिशोर पिछले 2 सालों से इसकी खेती कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोग जुकिनी के फायदों से अंजान हैं, जिस कारण इसकी बिक्री में अभी थोड़ी परेशानी होती है।

———किसान——बज्रकिशोर——

उद्यान पदाधिकारी आशुतोष कुमार ने बताया कि जुकिनी का वैज्ञानिक नाम कुकुरबीटा है और औषधीय गुण से भरपूर इस सब्जी को खाने से कैंसर, डायबिटीज तथा चर्म रोगों में फायदा होता है। उन्होंने कहा कि निदेशालय के पास जुकीनी की खेती को बढ़ावा देने के लिए योजना प्रस्तावित है।

———बाईट——आशुतोष कुमार——

औरंगाबाद के किसान ब्रजकिशोर ने पारंपिरक फसलों से अलग उत्पादों की खेती कर क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। वे इलाके के किसानों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन चुके हैं। जरूरत है कि सरकार इस तरह की खेती करने वाले किसानों को बढ़ावा दे, जिससे दूसरे किसान भी ऐसे उत्पादों की खेती की ओर अधिक से अधिक आकर्षित हो सकें। आकाशवाणी समाचार के लिए औरंगाबाद से कमल किशोर।

———————————————————————————

मुंगेर जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत एक बस स्टैंड से पुलिस ने तीन हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक अर्धनिर्मित पिस्तौल और दो मैगजीन बरामद किये गये।

———————————————————————————

कटिहार नगर थाना क्षेत्र से पुलिस ने भारी मात्रा में शराब और मादक पदार्थ स्मैक के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

पटना के मसौढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत संगत गांव में पुलिस ने छापेमारी कर एक हजार तीन सौ पचास बोतल शराब बरामद की है।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी से मिलकर काम करने की अपील की। श्री धनखड़ ने मोतिहारी में महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में ग्यारह टॉपरों को गोल्ड मेडल प्रदान किया।

02. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा – बिहार में इस वर्ष दुर्गापूजा, दीपावली और छठ के दौरान लगभग एक करोड़ अस्सी लाख यात्रियों ने ट्रेन से यात्रा की।

03. बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने अगले वर्ष होने वाली इंटरमीडिएट और मैट्रिक समेत विभिन्न परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी किया।

04. और, मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के दौरान पटना, बक्सर, लखीसराय, सुपौल, अररिया और पूर्णिया समेत राज्य के उत्तर–पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना जताई।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।